भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
20.11.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 646 का उत्तर

भंडारा रोड़ रेलवे स्टेशन का विस्तार

646. श्री सुनील बाबूराव मेंढेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या महाराष्ट्र के भंडारा रोड़ रेलवे स्टेशन के विकास और विस्तार के लिए सरकार की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त कार्य के कब तक पूरा होने की संभावना है;
(ग) क्या सरकार का बिलासपुर राजधानी और अन्य ट्रेनों को भंडारा रोड़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने का विचार है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): इस स्टेशन पर मानदंडों के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुख-सुविधाओं के साथ-साथ वांछनीय सुख-सुविधाएं पहले ही मुहैया करा दिए गए हैं। भंडारा रोड स्टेशन को भी आदर्श स्टेशन के रुप में विकसित किया जा चुका है।

(ग) से (ङ): राजधानी एक्सप्रेस सेवाएं मार्ग में अति सीमित ठहराव के साथ प्रिमियम श्रेणी की सेवाएं है। 12441/12442 बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का भंडारा रोड स्टेशन पर ठहराव न तो परिचालनिक दृष्टि से व्यवहारिक है न ही वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्य पूर्ण है। इसके अतिरिक्त, 3 जोड़ी एक्सप्रेस सेवाएं भंडारा रोड के यात्रियों को दिल्ली क्षेत्र के लिए संपर्क मुहैया कराती है।

******